>

Title: Need to pass Women's Reservation Bill.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर): महोदय, मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहती हूं कि इस यूपीए की सरकार ने पांच साल में जो नहीं करना चाहिए था, वह सब कुछ कर दिया, भ्रष्टाचार की चरम सीमा पर गये हैं। आज भी कुछ बिल हाथ में लेकर हाउस एक्सटेंशन करने की बात कर रहे हैं, लेकिन जिन महिलाओं को अधिकार देना चाहिए था, इस देश की आधी आबादी को अधिकार देना चाहिए था, आज भी ये महिला आरक्षण बिल की बात नहीं कर रहे हैं। महिलाओं को अधिकार देने की बात पांच साल में भी नहीं की। मैं चाहूंगी कि कम से कम यह सरकार आज आखिरी के दिन इसके लिए खेद प्रकट करे।